हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय का अपर...



07 शिक्षा के साथ सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में भी निभाई ...



खबर संक्षेप

साइकिल रैली निकालकर खिलाड़ियों ने लगाए पौधे



विदिशा। राष्ट्रीय पर्वतारोहण दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला खेल परिसर स्टेडियम से उदयगिरी तक साइकिल रैली निकाली गई। रैली में खिलाड़ियों, खेल संघों के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, समाजसेवियों तथा शिक्षा एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और साहसिक खेलों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि रैली के बाद स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

हिंदी विभाग को मिली 10 हजार की पुस्तकें



विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को प्रेमचंद जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने प्रेमचंद को प्रगतिशील साहित्यकार बताते हुए उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक कु. पूजा शर्मा ने प्रेमचंद के जीवन, साहित्य और उनकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने प्रेमचंद की कहानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कु. पूजा शर्मा ने हिंदी विभाग को लगभग 10 हजार रुपए मूल्य की पुस्तकें भेंट कीं। कार्यक्रम का संचालन अस्मुरारी नंदन मिश्र तथा आभार प्रदर्शन प्रो. किरण जैन ने किया।

स्वरोजगार प्रशिक्षण शुरू युवाओं को मिलेगा लाभ

विदिशा। ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने एसबीआई ने अगस्त के लिए छह रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम घोषित किए हैं। जिला पंचायत के समन्वय से आयोजित इन प्रशिक्षणों में प्रत्येक बैच में 30 प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 1 से 30 अगस्त तक विदिशा, बासौदा और सिरोंज में आयोजित होंगे।

जिलेभर में चलेंगी जागरूकता गतिविधियां

विदिशा। 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य संस्थानों और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में रैली, गोष्ठी, घर-घर संपर्क, परामर्श एवं शपथ कार्यक्रम होंगे। गर्भवती व धात्री माताओं को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान, छह माह तक केवल मां का दूध तथा दो वर्ष तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के लाभ बताए जाएंगे।

जीवाजीपुर मूंग उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया

विदिशा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर और एसडीएम अनुभा जैन ने शनिवार को जीवाजीपुर मूंग उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने, तौल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारु रखने और अगले 20 दिनों तक किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने के निर्देश दिए। उन्होंने मूंग के सैंपल की गुणवत्ता भी जांची तथा पारदर्शी, समयबद्ध और निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई

अब कुपोषण और आयुष्मान योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 15 दिन में आयुष्मान कार्ड लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त समझाइश दी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुपोषण मुक्ति अभियान, आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कुपोषण मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए। आंगनबाड़ियों में चिन्हित कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी वार्ड में भर्ती कर शासन की सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लापरवाह सीडीपीओ के विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई करें। साथ ही एनआरसी में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑफिसर को भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने विदिशा, बासौदा और सिरोंज के नौ संजीवनी क्लीनिकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी क्लीनिक समय पर संचालित हों और वहां पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएं। अगली बैठक में इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने सीएमएचओ और मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में साफ-सफाई, सुविधाएं और निर्धारित प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया जाए। बैठक में जिला जिपं सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में इन योजनाओं की भी समीक्षा की गई

बैठक में आरबीएसके, गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, टेक होम राशन एवं पोषण आहार वितरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों, विशेषकर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने 15 दिनों में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रगति नहीं होने पर संबंधित आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सीएचओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा अस्पतालों में रक्त उपलब्ध कराने के नाम पर किसी भी प्रकार की दलाली या अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

पेट्रोल पंप संचालकों ने जांच प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

अफवाहों पर कार्रवाई की मांग, कार्यक्रम में बोले: ऑटोमेशन से मिलावट की संभावना कम



विदिशा। पेट्रोल पंप मालिकों ने बैठक कर औचक जांच पर जताई आपत्ति।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पेट्रोल पंप संचालकों ने आकस्मिक जांच प्रक्रियाओं और सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर बैठक की और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

संचालकों ने मांग की कि पेट्रोल पंपों की जांच प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। संचालकों ने बताया कि आज अधिकांश पेट्रोल पंप पूरी तरह से ऑटोमेशन सिस्टम पर काम करते हैं। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति से लेकर बिक्री तक का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से तेल कंपनियों की निगरानी में रहता है। ऐसे में मिलावट की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के निर्देशानुसार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचा जा रहा है और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक नियमों का पालन किया जाता है। बारिश के मौसम में टैंकों में पानी जाने से रोकने के लिए भी नियमित जांच और सावधानी बरती जाती है।

जांच एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा

उन्होंने यह भी बताया कि आकस्मिक जांच के दौरान कई बार पेट्रोल-डीजल की बिक्री पूरी तरह से रोक दी जाती है। इससे ग्राहकों को अनावश्यक परेशानी होती है और आम जनता में यह धारणा बनती है कि पेट्रोल पंप पर कोई गड़बड़ी पाई गई है, जबकि कई बार जांच केवल एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होती है। संचालकों ने प्रशासन से आग्रह किया कि जांच इस तरह से की जाए जिससे ग्राहकों को कम से कम असुविधा हो और बिक्री अनावश्यक रूप से बाधित न हो। उन्होंने मांग की कि गुणवत्ता जांच के साथ-साथ ईमानदार पेट्रोल पंप संचालकों और ग्राहकों को बेवजह की परेशानी से बचाया जाए।

रेलवे स्टेशन व राज्यरानी एक्स. मामले में मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, मांगी टिप्पणियां

रेलवे की रिपोर्ट पर छह सितंबर तक जवाब तलब 24 कोच करने की योजना पर होगी आगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) नई दिल्ली ने विदिशा रेलवे स्टेशन की यात्री सुविधाओं और भोपाल–जबलपुर राज्यरानी एक्सप्रेस में अत्याधिक भीड़ की शिकायत पर शिकायतकर्ता कमलेश सेन से रेलवे द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर टिप्पणियां मांगी हैं। कमलेश सेन पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल की मंडलीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य हैं।



कमलेश सेन

कमलेश सेन ने आयोग के समक्ष विदिशा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 व 3 पर शेड, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव तथा राज्यरानी एक्सप्रेस में केवल 15 कोच होने से यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दैनिक यात्रियों को होने वाली परेशानियों का मुद्दा उठाया था। मामले की सुनवाई के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे ने आयोग को बताया कि भोपाल यार्ड री-मॉडलिंग परियोजना पूरी होने के बाद राज्यरानी एक्सप्रेस में 15 के स्थान पर 24 कोच लगाए जा सकेंगे।

126.13 करोड़ रुपए की इस परियोजना का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के अनुमोदन की प्रक्रिया में है। 30 जुलाई की सुनवाई के बाद आयोग ने रेलवे की रिपोर्ट शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराने और 6 सितंबर तक उनकी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमलेश सेन ने उम्मीद जताई कि आयोग के हस्तक्षेप से यात्री सुविधाओं में सुधार और ट्रेन की क्षमता बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक निर्णय होगा।

वन स्टॉप सेंटर का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

विदिशा। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने शनिवार को वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं सुरक्षा सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने केंद्र की सुविधाओं, अभिलेखों और पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा की महिलाओं को कानूनी, चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक एवं परामर्श सेवाएं समन्वित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान तहसीलदार भी मौजूद रहीं।

समरसता संकल्प यात्रा का भाजपा ने किया स्वागत



विदिशा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा का शनिवार को भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अभियान संयोजक सुमैर सिंह सोलंकी, पूर्व सांसद एवं सहसंयोजक प्रदीप लारिया, विधायक मुकेश टंडन, जिला महामंत्री अनिल सोनकर, जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, जिला संयोजक कमलेश मेहर सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्रा में निकली महाकाल की शाही सवारी

बेतवा नदी से कावड़ भरकर निकले शिवभक्त, प्रथम श्रावण सोमवार को उदयपुर धाम में होगा जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्रावण मास के अवसर पर शनिवार को श्री महागौरी मंदिर बोल बम कांवड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में 11वीं कावड़ यात्रा एवं बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और पूरे मार्ग पर बोल बम तथा हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। सुबह 9 बजे श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बंगला घाट पर जल से कांवड़ भरी। इसके बाद डंडापुरा स्थित श्री महागौरी माता मंदिर से यात्रा प्रारंभ हुई। डीजे की धुन, ढोल-नगाड़ों और शिव भजनों पर झूमते हुए कावड़िए पूरे उत्साह के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। यात्रा बड़ा बाजार, तिलकचौक, माधवगंज, शिवालय और कांच मंदिर होते हुए आगे बढ़ी। कांच मंदिर स्थित शिवालय में बाबा महाकाल की विशेष आरती की गई। यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में टोरी टिगरा आश्रम के संत वीरेन्द्र दास महाराज , पंडित अंकितकृष्ण तिनगुरिया, पंडित विशालकृष्ण महाराज, पंडित मोहित वैष्णव एवं पंडित अनिल महाराज पुजारी उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके बाद कावड़ यात्रा पीतलमिल चौराह, कुआंखेड़ी, गुलाबगंज और बासौदा मार्ग से होकर श्रावण मास के प्रथम सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी, जहां सभी श्रद्धालु बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।



विदिशा। कांवड़ यात्रा में शहर के विद्वानों सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल।

- सावन के पहले सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी यात्रा।

यात्रा में शिव सोनी, अध्यक्ष आशु सोनी, सुमित मोतियानी, गौरव सेन, सोमेश कुशवाह, सौरभ सिंह राजपूत, संजय प्रजापति, सुरेंद्र कुशवाह, पंकज रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिवभक्त शामिल रहे।

मूंग उपार्जन में किसानों को बड़ी राहत, उत्पादन की 60 प्रतिशत उपज की समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राज्य शासन ने प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन को लेकर किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

उपार्जन नीति के बिंदु 19.2 में आंशिक संशोधन करते हुए अब किसानों से उनकी मूंग उपज का 60 प्रतिशत तक समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जाएगा। पूर्व में किसानों से पंजीकृत उत्पादन का केवल 25 प्रतिशत उपार्जित किया जा रहा था।

शासन के नए निर्णय के अनुसार जिन किसानों ने 29 जुलाई तक अपनी मूंग उपज का 25 प्रतिशत विक्रय कर दिया है, उन्हें अब ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत रकबे एवं निर्धारित उत्पादकता के आधार पर शेष 35 प्रतिशत उपज के विक्रय के लिए आंशिक स्लॉट बुकिंग का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में ई-उपार्जन पोर्टल पर आवश्यक तकनीकी प्रावधान शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी पात्र एवं पंजीकृत किसान अतिरिक्त मात्रा के लिए स्लॉट बुक कर अपनी मूंग उपज का समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकें। शासन ने स्पष्ट किया है कि उपार्जन नीति के अन्य सभी निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

गैस उपभोक्ता 16 अगस्त तक कराएं अपनी केवायसी विदिशा में 80% प्रक्रिया पूरी

शेष रहे उपभोक्ताओं से गैस एजेंसियों की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन ने इसके लिए 16 अगस्त तक की समय सीमा निर्धारित की है। इस अवधि के बाद जिन उपभोक्ताओं की केवाईसी पूरी नहीं होगी, उनके गैस कनेक्शन को अवैध मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

गैस एजेंसी संचालक विवेक ठाकुर ने बताया कि उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने के संबंध में पहले भी कई बार सूचित किया जा चुका है। जिले में लगभग 80 प्रतिशत उपभोक्ता अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। शेष उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करने की अपील की जा रही है। केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ता अपनी संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। समय सीमा समाप्त होने के बाद जिन कनेक्शनों की केवाईसी नहीं होगी, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसियों ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और 16 अगस्त से पहले अपनी केवाईसी अवश्य करा लें। इससे गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा से बचा जा सकेगा।

मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर सजी सुरों की महफिल

दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद...

लीजेंड संगीत ग्रुप के आयोजन में कलाकारों ने रफी के सदाबहार नगमे गाकर श्रोताओं को किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को लीजेंड संगीत ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया गया। शुरुआत रफी साहब के चित्र पर माल्यार्पण और उनके लोकप्रिय गीत दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा की सामूहिक प्रस्तुति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई। संगीत संध्या में कलाकारों ने रफी साहब के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर गायन सहित संगीत और काव्य में विशेष रुचि रखने वाले डॉ. राकेश श्रीवास्तव, जगदीश गेहलोत, आशुतोष ठाकुर, प्रशांत रघुवंशी, हरिनारायण, प्रखर श्रीवास्तव, ब्रज श्रीवास्तव, सौरभ पंथी और संदीप सक्सेना ने अपने-अपने अंदाज में रफी के अमर गीत प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। मुख्य अतिथि गोविंद देवलिया ने कहा कि मोहम्मद रफी केवल महान गायक ही नहीं, बल्कि भारतीय संगीत जगत की अमर धरोहर हैं। उनकी आवाज में भक्ति, प्रेम, करुणा, श्रृंगार और देशभक्ति के सभी भावों की अद्भुत अभिव्यक्ति मिलती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विनोद भट्ट ने कहा कि रफी साहब के गीत समय की सीमाओं से परे हैं और हर पीढ़ी के संगीत प्रेमियों के दिलों में सदैव जीवंत रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। पूरी संध्या रफी साहब के कालजयी गीतों से सराबोर रही और संगीत प्रेमियों ने इसे उनकी स्मृतियों को समर्पित संगीतमय श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम का संयोजन प्रदीप जैन 'पारस' ने किया। कार्यक्रम में आचार्य शिवकुमार तिवारी सहित अन्य श्रोता उपस्थित रहे।



विदिशा। अतिथियों ने सरस्वती पूजन के साथ की कार्यक्रम की शुरूआत।

हिउस चुनाव: इस बार 2911 सदस्य करेंगे मतदान

विदिशा। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा ने बताया कि पूर्व में समिति के कुल 2647 सदस्य थे। जनवरी माह में सदस्यता अभियान के दौरान 264 नए सदस्य समिति से जुड़े। कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 2911 हो गई है, जो आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, रघुवीर सिंह चौहान, राहुल कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष बल्लू महाराज, शैलेंद्र सिंह, सरदार रघुवंशी एवं राधिका दास, रामराज दांगी उपस्थित रहे। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने दी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-5810
उच्चतम भाव-7275
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7582
चना
न्यूनतम भाव-4940
उच्चतम भाव-6225
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6430
शरबती
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4286
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2451
उच्चतम भाव-3005
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2512
उच्चतम भाव-2512
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3200
बटरी
न्यूनतम भाव-2940
उच्चतम भाव-2940
मूंग
न्यूनतम भाव-4410
उच्चतम भाव-7400
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7300
मक्का
न्यूनतम भाव-1670
उच्चतम भाव-1670

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 1749 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

बूंदाबांदी हुई

गंजबासौदा। शनिवार को नगर में सुबह के समय बूंदाबांदी हुई। जिसके बाद तेज धूप निकली, कुछ देर बात आसमान में बादल छाए लेकिन बारिश नहीं हुई, जिससे लोग मायूस नजर आ रहे हैं।

त्योंदा रोड पर जर्जर मकान का हिस्सा गिरा, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के त्योंदा रोड पर शनिवार को शाम के समय राजू रघुवंशी और रवि रघुवंशी के पुराने तीन मंजिला मकान को तोड़ा जा रहा था, तभी मकान का एक हिस्सा अचानक गिर गया। मलबे की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। जानकारी के अनुसार त्योंदा रोड स्थित पुराना मकान काफी जर्जर हालत में था। उसकी दीवार और छत का हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा। उसी समय रवि रघुवंशी पर मलबे गिर गया और वह दब गया।

स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और तुरंत मलबा हटाकर रवि को बाहर निकाला। घायल युवक को एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक खतरे से बाहर है, लेकिन उसे सिर और पैर में चोटें आई हैं। उच्च उपचार के लिए उसे विदिशा रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर आवागमन रोका और नगर पालिका को सूचना देकर आसपास के अन्य जर्जर मकानों की जांच कराने की बात कही। पुलिस ने बताया कि मकान की जर्जर स्थिति होने के चलते उसे तोड़कर नया मकान बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। प्रशासन ने नागरिकों से जर्जर भवनों के पास न जाने की अपील की है।

समस्याएं नहीं सुलझी तो करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विकास शर्मा ने शहर की लगातार बिगड़ती व्यवस्थाओं पर चिंता और नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर पहले ही मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि शहर में अघोषित बिजली कटौती से आम नागरिक, व्यापारी और विद्यार्थी परेशान हैं। पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। नशे का अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता अनावश्यक परेशानियों और अधिक बिजली बिलों का सामना कर रहे हैं। विकास शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई, सड़कों की बदहाल स्थिति सहित अनेक जनसमस्याओं पर प्रशासन का रवैया निराशाजनक है। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की थी, लेकिन समाधान न होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी और नगर बंद का आह्वान भी किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

आपदाओं से निपटने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस त्योंदा तहसील प्रांगण में एनडीएफएस के जवानों द्वारा कोटवारों को बिजली, पानी जैसी आपदाओं एवं घटनाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अनेक कोटवार मौजूद थे।

विभागीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को दिए समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शनिवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं एसडीएम अनुभा जैन ने निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की।

अपर कलेक्टर डामोर ने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कार्य की गति तत्काल बढ़ाई जाए। उन्होंने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराने तथा नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जल निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि विद्यालय में शीघ्र पानी की लाइन डालने की कार्रवाई पूर्ण की जाए, ताकि भवन तैयार होने के साथ ही विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध मिल सकें। अधिकारियों ने संबंधित विभागों से निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे संदीपनी विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर प्रारंभ किया जा सके। इस दौरान अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार मौजूद रहे।

मूंग उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण, किसानों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

गंजबासौदा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं एसडीएम अनुभा जैन ने शनिवार को जीवाजीपुर स्थित मूंग उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण कर उपार्जन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र पर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, उपार्जन प्रक्रिया तथा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि आगामी 20 दिनों तक केंद्र पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, तौल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाएं तथा उपार्जन कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं एसडीएम ने केंद्र पर उपार्जित मूंग का सैंपल भी देखा तथा उसकी गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने उपार्जन कार्य में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों की उपज का सुचारु उपार्जन प्राथमिकता है। केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं बनाए रखते हुए किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा शिकायत मिलने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए।

पाठक संघ ने शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में शहीद ऊधम सिंह के पुण्य स्मृति दिवस एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती और गायक मोहम्मद रफी की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने तीनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शहीद उधम सिंह को सदी का महान क्रांतिकारी जननायक बतलाया, वहीं उन्होंने मोहम्मद रफी को संगीत का सर्वोच्च साधक बतलाते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और मुंशी प्रेमचंद जो कि महान लेखक थे। उनके जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड शिक्षक कैलाश नामदेव, गोपाल सिंह ठाकुर ,गोपाल प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सतीश शिल्पकार एवं साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने सभी आमंत्रित लोगों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर वाचनालाय पाठक संघ के अनेक पाठकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद उधम सिंह, मोहम्मद रफी और मुंशी प्रेमचंद के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 103 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति राकेश मरखेड़कर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने जन्म दिवस की बधाई देते हुहे उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें कीं।

शिविर में डॉ. राज करण वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार ने 103 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 19 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप में डॉ. राजकरण वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 21 चश्मों का निशुल्क वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 39 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। 24 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गणेश राम रघुवंशी, सुरेन्द्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल, हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया उपस्थिति रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

रक्त परीक्षण के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शनिवार को ग्राम खामखेड़ा में रक्त सेवा समिति के तत्वावधान में निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर में कुल 120 लोगों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। परीक्षण के साथ ही उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय प्रांगण में 2 पौधे भी लगाए गए। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, रामबल कुर्मी, रक्त सेवा समिति के विदिशा जिला प्रमुख राजेंद्र सिंह गौर, सेक्टर खामखेड़ा संयोजक प्रकाश बाबू कुर्मी, शिविर प्रमुख सुनील अहिरवार, राम बाबू कुर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। राजेश तिवारी ने कहा कि रक्त सेवा समिति का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है।

स्तनपान सप्ताह का हुआ शुभारंभ

गंज बासौदा। सेक्टर उदयपुर में स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस सप्ताह के तहत आंगनबाड़ी क्षेत्र की सभी महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताया। परियोजना अधिकारी बृजेंद्र प्रताप सिंह, सुपरवाइजर अनीता वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माया कोरी, राजकुमारी अहिरवार, मनीषा पंथी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे मौजूद रहे।



27 दिवसीय शिव महोत्सव का हो रहा आयोजन

नंदी की तपस्या से प्रसन्न हुए महादेव:पं. भार्गव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सच्ची भक्ति, तप और पूर्ण समर्पण से भगवान शिव की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। मृत्यु के संकेत से विचलित होने के बजाय नन्दी ने अटूट श्रद्धा और तपस्या का मार्ग चुना, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अमरत्व, गणाध्यक्ष पद और अपना वाहन बनने का वरदान दिया। भगवान शिव के परम भक्त नन्दी के जन्म, तपस्या और शिव कृपा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री राम-जानकी मंदिर, राजेंद्रनगर के खेड़ापति गौशाला में आयोजित 27 दिवसीय असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव से वातावरण पूरी तरह शिवमय बना हुआ है। महोत्सव के तीसरे दिन शिव कथा वाचक पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा कि भगवान शिव के परम भक्त नन्दी केवल उनके वाहन ही नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा, समर्पण और गुरु-भक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि संतान प्राप्ति की कामना से महर्षि शिलाद ने वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से उन्हें दिव्य पुत्र नन्दी का वरदान दिया। बाल्यकाल में मित्र और वरुण ऋषियों ने नन्दी की अल्पायु का संकेत दिया, जिससे महर्षि शिलाद चिंतित हो उठे। लेकिन नन्दी ने परिस्थितियों से विचलित होने के बजाय भगवान शिव की अखंड आराधना और घोर तपस्या का मार्ग चुना।

कथा में बताया गया कि नन्दी की अनन्य भक्ति और कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव माता पार्वती के साथ प्रकट हुए। उन्होंने नन्दी को अमरत्व का वरदान देते हुए गणाध्यक्ष का पद प्रदान किया तथा अपना वाहन और प्रथम गण घोषित किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान शिव अपने सच्चे भक्तों की परीक्षा अवश्य लेते हैं, लेकिन उनकी निष्ठा और विश्वास कभी व्यर्थ नहीं जाता। दृढ़ संकल्प, तप, सेवा और समर्पण से जीवन की कठिन से कठिन बाधा भी दूर हो सकती है। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा से जुड़े अनेक प्रसंगों का भी वर्णन किया गया। कथा से पूर्व प्रातः काल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। इसके बाद विधि-विधान से रुद्राभिषेक, अभिषेक पूजन, बिल्वपत्र, धतूरा, पुष्प एवं जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां श्रावण मास की भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण दिखाई दे रहा है। दूर-दूर से श्रद्धालु कथा श्रवण और शिव आराधना के लिए पहुंच रहे हैं।

त्रंबकेश्वर में 51 जोड़े कर रहे शिवार्चन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भगवान शिव के धाम त्रंबकेश्वर में श्रावण मास के प्रारंभ में नगर से पहुंचे 51 जोड़ों द्वारा पार्थिव शिव लिंग का निर्माण पंच दिवसीय शिवार्चन सेवा समिति द्वारा प्रेम्हानंद शास्त्री के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि कलश यात्रा से इस भव्य आयोजन का प्रारम्भ हुआ। जिसमें मातृ शक्तियां सिर पर कलश लेकर और भक्तगण भजन मंडली में झूमते गाते हुए चल रहे थे। इस आयोजन के मुख्य यजवान देवीसिंह रघुवंशी पूर्व शिक्षक हैं।

भगवान त्रंबकेश्वर का वर्णन करते हुए पं प्रेम्हानंद शास्त्री ने बताया कि ब्रह्मगिरी पर्वत पर गौतम ऋषि और उनकी पत्नी अहिल्या निवास करते थे। उनसे ईर्षा रखने वाले ऋषियों ने एक मायावी गाय को उनके खेत में भेज दिया लेकिन तिनका छूते ही, गाय मृत हो गई। गौतम ऋषि पर गौ हत्या का पाप लग गया, गौ हत्या के पाप से मुक्ति के लिए गौतम ऋषि ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की भगवान शिव ने प्रसन्न होकर मां गंगा को प्रकट होने का वरदान दिया। मां गंगा ने शिवजी से कहा कि आपको भी वहां निवास करना होगा, तब भगवान शिव त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के रूप मे स्थापित हुए तब मां गंगा गोदावरी के रूप मे बहने लगीं। यहां मुख्य शिवलिंग मे ब्रह्मा, विष्णु और महेश छोटे छोटे लिंगों के रूप मे विराजमान हैं। इस दौरान लाल साहब, पर्वत सिंह, निर्भय सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, गोविंद सिंह, भमरजी, वीर सिंह, रामरतन सिंह, भारतसिंह, भगवान सिंह, कमर सिंह, बबलू, पप्पू सिंह, छतरसिंह, तखत सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि लोग शामिल थे।

बच्चों को सिखाया गया कचरा प्रबंधन

गंज बासौदा। नगर के कौटिल्य गुरूकुलम स्कूल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही तरीके से कचरे का निपटान करना सिखाना था। अभियान की शुरुआत फीडबैक फाउंडेशन चैरिटी ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य शिवम मिश्रा द्वारा की गई। उन्होंने बच्चों को बहुत ही सरल, सहज और प्रेमपूर्ण भाषा में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। शिवम मिश्रा ने बच्चों को रंगों के आधार पर डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया, ताकि वे रोजाना की जिंदगी में इसका पालन कर सकें। बच्चों को समझाया गया कि हरा डस्टबिन इसमें गीला कचरा डाला जाता है। नीला डस्टबिन इसमें सूखा कचरा डाला जाता है। पीला डस्टबिन मेडिकल और सैनिटेशन से जुड़े कचरे के लिए होता है। काले डस्टबिन में इलेक्ट्रॉनिक बेस्ट डाला जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कचरा इधर-उधर न फेंकने की प्रेरणा दी गई। साथ ही जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।

28 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद शिक्षक के.के. माली को दी भावभीनी विदाई

शिक्षा के साथ सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में भी निभाई अग्रणी भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कहते हैं कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह अपने विद्यार्थियों के रूप में हमेशा समाज में जीवित रहता है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देहरी जागीर में पिछले 28 वर्षों तक अपनी निष्कलंक, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाएं देने वाले माध्यमिक शिक्षक चन्द्रमोहन माली के सम्मान में विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत द्वारा भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम में बीईओ प्रतीक मेहरा, बीआरसी जितेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक उमेश सोनी, इमलानी संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने श्री माली के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में शिक्षा को केवल नौकरी नहीं बल्कि समाज निर्माण का माध्यम माना।

हजारों विद्यार्थियों के जीवन में भरा आत्मविश्वास और संस्कार

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला देहरी जागीर में पदस्थ वरिष्ठ षिक्षक के.के. माली ने अपने 28 वर्षों के सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नैतिकता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों का भी विकास किया। उनकी कक्षाएं केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहती थीं, बल्कि जीवन जीने की सीख भी देती थीं। उनके पढ़ाए अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं और अपने गुरु का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। वही वक्ताओं ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक वही होता है जो विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के साथ समाज को भी नई दिशा दे। शिक्षक के.के. माली ने अपने कार्यों से इस बात को पूरी तरह सिद्ध किया है।

समाज सेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

शिक्षक चन्द्रमोहन माली शिक्षा के क्षेत्र तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाई। वे माली समाज के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं और अपने कार्यकाल में समाज को संगठित करने, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक समरसता स्थापित करने तथा युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का उल्लेखनीय कार्य किया। समाज के हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। जरूरतमंद परिवारों की सहायता हो, सामाजिक विवादों का समाधान हो, सामूहिक आयोजन हों या धार्मिक कार्यक्रम हर अवसर पर उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। यही कारण है कि समाज में उन्हें सम्मान, विश्वास और स्नेह की दृष्टि से देखा जाता है।

सरल व्यक्तित्व, मधुर व्यवहार और कर्मनिष्ठा बनी पहचान

धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी श्री माली की विशेष पहचान रही है। उन्होंने सदैव भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का कार्य किया। शहर,गांव और समाज के अनेक धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता रही तथा उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया। अपने पूरे सेवाकाल में षिक्षक के.के. माली ने सादगी, ईमानदारी, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बनाया। उनका व्यवहार विद्यार्थियों, अभिभावकों, सहकर्मियों एवं ग्रामीणों के प्रति सदैव आत्मीय और सहयोगपूर्ण रहा। वे हर व्यक्ति की समस्या को अपनी समस्या मानकर उसका समाधान करने का प्रयास करते थे। यही कारण है कि विद्यालय ही नहीं, पूरे क्षेत्र में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।

भावुक माहौल में दी गई विदाई

विदाई समारोह के दौरान कई विघालय के अन्य षिक्षक भी भावुक हो गए। षिक्षको ने कहा कि श्री माली जैसे शिक्षक किसी भी विद्यालय की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और सेवा भावना को सदैव याद रखा जाएगा। विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पमालाएं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने भी अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह के अंत में षिक्षक चन्द्रमोहन माली ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जीवन भर विद्यालय, विद्यार्थियों और समाज का जो स्नेह मिला, वही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि भले ही शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सेवाएं आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। के.के. माली का 28 वर्षों का सेवाकाल इस बात का प्रमाण है कि एक समर्पित शिक्षक केवल विद्यालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अपने ज्ञान, संस्कार, समाज सेवा और मानवीय मूल्यों से पूरी पीढ़ी के भविष्य का निर्माण करता है। ऐसे शिक्षकों का योगदान सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

मध्यप्रदेश पुलिस का मुस्कान अभियान

दीपनाखेड़ा पुलिस ने गुम नाबालिग बालिका को सकुशल किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




मध्य प्रदेश पुलिस के मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने संवेदनशीलता, तत्परता और कुशल पुलिसिंग का परिचय देते हुए महज 36 घंटे के भीतर गुम हुई एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है।

28 जुलाई 2026 की रात्रि में थाना दीपनाखेड़ा क्षेत्र निवासी एक परिवार ने अपनी नाबालिग पुत्री के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 105/26 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनू डाबर के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने बिना समय गंवाए बालिका की तलाश शुरू करते हुए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन, मुखबिर तंत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर लगातार खोजबीन जारी रखी। लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप पुलिस टीम ने महज 36 घंटे के भीतर नाबालिग बालिका को सिरोंज से सकुशल दस्तयाब कर लिया।

कई परिवारों के चेहरों पर लौट रही मुस्कान

दीपनाखेड़ा पुलिस की यह कार्रवाई न केवल त्वरित पुलिसिंग का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि गुमशुदा बच्चों की तलाश में पुलिस पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। मुस्कान अभियान के अंतर्गत लगातार चलाए जा रहे प्रयासों से कई परिवारों के चेहरे पर दोबारा मुस्कान लौट रही है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार एवं प्रधान आरक्षक दयाराम अहिरवार की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। दोनों अधिकारियों ने पूरी टीम के साथ लगातार मेहनत कर नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा का बयान बना चर्चा का विषय, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



सिरोंज। नगर में आयोजित एक भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा मीडिया से बातचीत में दिया गया एक बयान इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक ने कुछ पत्रकारों की कार्यशैली पर टिप्पणी की, जिसके बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो के सामने आने के बाद शहर में इसे लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। मीडिया से चर्चा के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि उन्होंने देखा है कि कुछ पत्रकार जिले और प्रदेश में विभिन्न शासकीय संस्थाओं, निर्माण एजेंसियों तथा जनप्रतिनिधियों पर अवैधानिक दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से दबाव बनाने का कार्य करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह पत्रकार हो या जनप्रतिनिधि। विधायक ने अपने वक्तव्य के दौरान यह भी कहा कि मैं स्वयं भी पत्रकार रहा हूं, इसलिए पत्रकारिता की जिम्मेदारियों और मर्यादाओं को अच्छी तरह समझता हूं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और समाज के प्रति इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति पत्रकारिता की आड़ में अनुचित कार्य करता है तो उस पर भी कानून के अनुसार कार्रवाई होना आवश्यक है। वही कुछ नागरिकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर दावा किया कि विधायक जिन पत्रकारों की ओर इशारा कर रहे हैं, उनमें से कुछ लोग अक्सर उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी उनके साथ दिखाई देते हैं। नागरिकों का आरोप है कि ऐसे कुछ लोग विधायक के नाम और प्रभाव का इस्तेमाल कर विभिन्न स्थानों पर कथित रूप से अनुचित दबाव बनाने या अड़ीबाजी जैसी गतिविधियों में शामिल रहते हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही विधायक की ओर से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया सामने आई है।

पत्रकारिता और जवाबदेही पर नई चर्चा विधायक के बयान का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से साझा किया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद शहर के नागरिक, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग तथा विभिन्न वर्गों के लोग अपनी-अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। कोई विधायक के बयान का समर्थन कर रहा है तो कुछ लोग इसे पत्रकारिता से जुड़े पूरे वर्ग पर टिप्पणी के रूप में देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर पक्ष और विपक्ष में लगातार टिप्पणियां सामने आ रही हैं। विधायक के बयान के बाद सिरोंज में पत्रकारिता की भूमिका, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा जवाबदेही जैसे विषयों पर भी चर्चा तेज हो गई है। कई लोगों का मानना है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने पद या पहचान का दुरुपयोग करता है तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि पूरे पत्रकार समाज को कुछ व्यक्तियों के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

ओलंपस हाई स्कूल में गुल्लक संचय अभियान शुरू किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गांधी सुमिरन एवं सर्वोदय मंडल के सहयोग से ओलंपस हाई विद्यालय में सत्य, अहिंसा और सेवा को नमन विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, सादगी और आत्मानुशासन के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कार्य स्वयं करने, श्रम का सम्मान करने तथा बचत और मितव्ययिता अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय में गुल्लक संचय अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में बचत, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। बच्चों की बचत को पर्यावरण संरक्षण एवं बेतवा नदी संरक्षण जैसे जनहित कार्यों से जोड़ने का संकल्प लिया गया। सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने गांधीवादी मूल्यों के प्रसार के लिए मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वैष्णव जन तो तेने कहिए भजन प्रस्तुत किया। संस्थापक यशपाल रघुवंशी सहित शिक्षक, अतिथि और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समरसता संकल्प अभियान की कलश यात्रा का स्वागत

ग्यारसपुर। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प अभियान की कलश वंदन यात्रा का शनिवार को ग्यारसपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। नगर में प्रवेश पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर कलश का वंदन किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। सागर से प्रारंभ हुई यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक एवं पूर्व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी तथा सह संयोजक व नरियावली विधायक प्रदीप लारिया सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हदः बदमाश ने पुलिस जवान के पेट में अड़ाई छुरी, बसस्टैंड पर मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बस स्टैंड इलाके में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बदमाश ने यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक की गिरेबां पकड़कर उन पर छुरी तान दी। घटना के दौरान आसपास मौजूद ऑटो चालकों ने तत्परता दिखाते हुए जवान को बचाया और बदमाश से छुरी छीन ली।

यातायात पुलिस में पदस्थ प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश यादव बस स्टैंड पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। इसी दौरान नो-पार्किंग में खड़ी कार हटाने के लिए उन्होंने सीटी बजाई, तभी शराब के नशे में आए टीटू भेंड़ा नामक युवक ने उनके साथ अभद्रता करते हुए छुरी तान दी। मौके पर मौजूद ऑटो चालक मुकेश बाल्मिक ने बदमाश के हाथ से छुरी छीन ली। इसके बाद भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी, लेकिन वह ऑटो में बैठकर सांची की ओर फरार हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। बस स्टैंड क्षेत्र में बढ़ती शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों पर चिंता जताते हुए लोगों ने अतिरिक्त बल तैनात करने की मांग की है।

सौगातः कुरवाई में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के लिए 15.65 करोड़ रु. मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विधानसभा क्षेत्र की जनता को बड़ी स्वास्थ्य सौगात मिली है।

शासन ने कुरवाई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए सिविल निर्माण, चिकित्सा उपकरण एवं फर्नीचर सहित कुल 15.65 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे को पत्र भेजकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के उन्नयन से क्षेत्रवासियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक हरि सिंह सप्रे ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी और मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

आवेदन की तिथि बढ़ी, 7 अगस्त तक करें आवेदन

शमशाबाद। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में कक्षा 6वीं (सत्र 2026–27) प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त कर दी गई है। चयन परीक्षा 28 नवंबर को होगी। पात्र विद्यार्थी, जो वर्तमान में विदिशा जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं, समय रहते आवेदन करें।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. करेला
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र. 3648/30.06.1967 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करेला, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20/08/2026 दिन गुरूवार को स्थान समिति कार्यालय करेला (पथरिया), शाखा-बर्रो पर दोप. 1 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक राधेश्याम राजपूत — प्रशासक लखन भार्गव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खामखेड़ा
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र.459/ 10.12.1992 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खामखेड़ा, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 20/08/2026 दिन गुरुवार को स्थान समिति कार्यालय खामखेड़ा, शाखा-बर्रो पर दोप. 02 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक राजेन्द्र सिंह बघेल — प्रशासक लखन भार्गव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. करैयाहाट
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र. 8431/ 30.10.1957 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करैयाहाट , शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 21/08/2026 दिन शुक्रवार को स्थान समिति कार्यालय करैयाहाट , शाखा-बर्रो पर दोप. 01 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक सौदान सिंह मीणा — प्रशासक लखन भार्गव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खमतला
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र. 461/ 10.12.1992 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खमतला, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 21/08/2026 दिन शुक्रवार को स्थान समिति कार्यालय खमतला, शाखा-बर्रो पर दोप. 02 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा — प्रशासक लखन भार्गव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. धमनौदा
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र. 458/10.12.1992 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित धमनौदा, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 19/08/2026 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय धमनौदा (ग्रन्ट), शाखा-बर्रो पर दोप. 12 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक सुरेन्द्र व्यास — प्रशासक लखन भार्गव

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बर्रो
शाखा- बर्रो
पंजी. क्र. 8432/30.10.1957 दिनांक : 02/08/2026
वार्षिक आमसभा सूचना
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बर्रो, शाखा-बर्रो के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 19/08/2026 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय बर्रो , शाखा-बर्रो पर दोप. 01 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
प्रबंधक नीरज थनवार — प्रशासक लखन भार्गव

आवश्यकता है
श्री द्वारिका प्रसाद शिक्षा महाविद्यालय सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.) में डी.एल.एड. कोर्स हेतु प्राचार्य -1 पद व्याख्याता-7 पद, (विभिन्न विषय) - शिक्षा, विज्ञान, गणित, भाषा सामाजिक विषय, शारीरिक, शिक्षा, कला एवं संगीत) वेतन व योग्यता यू.जी.सी. व एन.सी.टी.ई के मानक के अनुसार होगा।
भानू प्रताप यादव, प्रबंधक संचालक
संपर्क नं. 6265427438, 9415502074

कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज का बीकॉम तृतीय वर्ष का परिणाम 100%

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के घोषित परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया कॉलेज का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीकॉम तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम में कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज करते हुए उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है।

कॉलेज के सभी विद्यार्थी सफल रहे, जबकि पाँच विद्यार्थियों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विशेष स्थान बनाया। परिणाम के अनुसार पलक विश्वकर्मा ने 82.69 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोमप्रताप सिंह ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय, राजकुमारी अहिरवार ने 76.89 प्रतिशत के साथ तृतीय, काजल चौरसिया ने 76 प्रतिशत के साथ चतुर्थ तथा अनुज शर्मा ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की चेयरमैन रश्मि शरण एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाते रहेंगे।



पलक 82.69% | सोमप्रताप 79% | राजकुमारी 76.89% | काजल 76% | अनुज शर्मा 75%



किसान परेशान, मूंग समर्थन मूल्य केंद्रों पर नियमों की अनदेखी का आरोप

मूंग खरीदी में मनमानी का आरोप: 60% की जगह अब भी सिर्फ 25% उपज खरीदी

किसानों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर पूरी पात्र मात्रा खरीदने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को लेकर किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शहर के आसपास संचालित 3 मूंग खरीदी केंद्रों सहित जिले के अन्य मूंग खरीदी केंद्रों पर किसानों ने केंद्र प्रभारियों पर मनमानी करने के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद उनकी उपज केवल 25 प्रतिशत ही खरीदी जा रही है। जबकि निर्धारित नियमों के अनुसार अधिक मात्रा में खरीदी होनी चाहिए। इससे बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्रों पर कुल उत्पादन के आधार पर खरीदी करने के बजाय मनमाने तरीके से सीमित मात्रा में मूंग ली जा रही है। इससे जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। वे भी पूरी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। कई किसानों को अपनी उपज वापस घर ले जानी पड़ रही है। जबकि कुछ किसान कई दिनों से खरीदी केंद्रों के बाहर इंतजार कर रहे हैं।

किसान ऊधम सिंह ठाकुर, प्रवेश परिहार, शेर सिंह लोधी सहित अन्य किसानों ने बताया कि पहले भी कम मात्रा में खरीदी होने से परेशानी थी। लेकिन अब



भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उनका कहना है कि सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा और केंद्र प्रभारी अपनी सुविधा के अनुसार खरीदी कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उन्हें समर्थन मूल्य का फायदा नहीं मिल पाएगा।

किसानों ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने अच्छी गुणवत्ता की मूंग का उत्पादन किया है और शासन प्रशासन की समर्थन मूल्य योजना से उन्हें उचित कीमत मिलने की उम्मीद थी। लेकिन खरीदी केंद्रों पर धीमी गति और सीमित मात्रा में खरीदी के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। लंबे समय तक उपज घर या गोदाम में रखने से गुणवत्ता प्रभावित होने और अतिरिक्त खर्च बढ़ने की भी चिंता किसानों को सता रही है।

किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। किस किसान की कितनी उपज खरीदी जाएगी और शेष उपज कब ली जाएगी। इसकी जानकारी नहीं मिलने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई किसान दूर-दराज के गांवों से ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भाड़े के वाहनों में उपज लेकर पहुंचते हैं, लेकिन खरीदी नहीं होने पर उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिम्मेदार विभाग से हस्तक्षेप की उठाई मांग

किसानों ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा और कृषि विभाग के अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि खरीदी केंद्रों की कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए और शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों की पात्र मात्रा की खरीदी कराई जाए। साथ ही जिन केंद्रों पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं, वहां जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाए। किसानों का कहना है कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने के दावे कर रही है, लेकिन यदि जमीनी स्तर पर ही नियमों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है।

10 तक कराएं स्लॉट बुक

उप संचालक कृषि विभाग अधिकारी केपी भगत ने जिले के पात्र किसानों से अपील की है कि वे 10 अगस्त 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर द्वितीय स्लॉट अवश्य बुक कर लें। ताकि उनकी पूरी पात्र मात्रा का समर्थन मूल्य पर उपार्जन हो सके।

इनका कहना है

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में नीतिगत फैसला लिया है। किसानों की कुल उत्पादन मूंग में से 60 फीसदी मूंग जिले में सोमवार से स्लॉट बुकिंग के बाद समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी।
- **कल्याण सिंह ठाकुर,** मार्कफेड महाप्रबंधक।

25 प्रतिशत मूंग बेच चुके किसान अब 35 प्रतिशत उपज के लिए दोबारा स्लॉट बुक कर सकेंगे

जिले के उन मूंग उत्पादक किसानों के लिए राहत भरी खबर है।जिन्होंने अब तक अपनी उपज का केवल 25 प्रतिशत हिस्सा ही समर्थन मूल्य पर बेचा है। ऐसे किसानों को अब शेष 35 प्रतिशत उपज बेचने के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर द्वितीय स्लॉट बुक करने की सुविधा दी गई है।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2026-27 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी किसानों के पंजीकृत रकबे की 60 प्रतिशत उत्पादकता तक की जाएगी। इसी के तहत जिन किसानों ने 27 जुलाई 2026 तक 25 प्रतिशत मात्रा का विक्रय कर दिया है। वे अब शेष 35 प्रतिशत उपज की बिक्री के लिए पोर्टल पर आंशिक स्लॉट बुक कर सकेंगे।

तारण तरण चैत्यालय में वर्षा वास प्रारंभ हुई कलश स्थापना

आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए की जाती है कलश स्थापना : पूर्वानंद महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली।

नगर में 31 जुलाई शुक्रवार को श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में जैन धर्म के पवित्र चातुर्मास के उपलक्ष्य में कलश स्थापना का मंगल उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष चातुर्मास में नगर गौरव पूर्वानंद महाराज का चातुर्मास नगर में होगा यह सौभाग्य जैन समाज को प्राप्त हुआ है।

आयोजित कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही श्रीतारण तरण चैत्यालय जी में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम मंदिर विधि तत्पश्चात झंडा वंदन बाद इसके दान प्रभावना और कलस स्थापना हुई। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

चातुर्मास का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए पुर्वानंद महाराज ने कहा कि वर्षा ऋतु में छोटे जीवों की उत्पत्ति काफी बढ़ जाती है, इसलिए इस वर्षा काल के मौसम में पदविहार रोककर जीव रक्षा की जाती है। वहीं उन्होंने इन चार महीने में

स्वाध्याय और संयम का विशेष महत्व बताया कि विशेष रूप से खान-पान पर नियंत्रण, व्रत-नियम और धर्म ग्रंथों के अध्ययन पर बल दिया जाता है। आत्म कल्याण के लिए अपने व्यस्ततम समय से समय निकालकर अपनी आत्मा को शुद्ध करने का यह सर्वोत्तम काल माना जाता है। कहा किचातुर्मास के सुचारू संपादन और आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक के रूप में मुख्य कलश की स्थापना की जाती है।

कार्यक्रमों का आयोजन

इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, संगीतमय आरती और तारण तरण वाणी जी का वाचन किया गया। कलश स्थापना के दौरान बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु इस पावन पल के साक्षी बने और पुण्य अर्जन किया। वही युवा परिषद के द्वारा सायं कालीन कार्यक्रम के दौरान संगीत मय भक्तांबर जी के पाठ का आयोजन किया गया।

खबर संक्षेप

अज्ञात युवक का शव नदी में तैरता मिला

गैरतगंज। तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चांदोनी गंज स्थित नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गैरतगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन प्राथमिक तौर पर उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

उर्दू शायरी में पर्यावरण पर होगा व्याख्यान

रायसेन। मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा रायसेन द्वारा आज रविवार को 'सिलसिला एवं तलाशे जौहर' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 'उर्दू शायरी एवं साहित्य में पर्यावरण' विषय पर विशेष व्याख्यान के साथ स्थानीय शायरों का रचनापाठ भी होगा। आयोजन दोपहर 2:30 बजे ब्लॉसम वैली स्कूल, डाइट कैंपस के सामने आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सैयदा कुरैशी पर्यावरण और उर्दू साहित्य के संबंध पर व्याख्यान देंगी। इसके बाद जिले के विभिन्न शायर अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को उर्दू अदब की विविध रंगत से रूबरू कराएंगे। रचनापाठ में अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप सोनी, संजय सागर, शमीम तन्हा, संतोष अवस्थी, अमिता त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

खुद का घर भी नहीं, दूसरे के घर में रहकर कर रहे हैं अपना जीवन-यापन


बुढ़ापे में पेंशन ही आजीविका का एकमात्र 'सहारा'...लेकिन वह भी तीन महीने से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

बढ़ती उम्र के साथ अब स्वास्थ्य भी नहीं देता साथ पैर में फ्रैक्चर और बैंक के चक्कर काटना मजबूरी

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के दावों के बीच जिले के सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत अंबाडी से एक मार्मिक मामला सामने आया है। यहां रहने वाले बेसहारा बुजुर्ग मंगल सिंह मोगिया पिछले 3 से 4 महीने से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने के कारण दर-दर भटकने मजबूर हैं। बढ़ती उम्र, कमजोर स्वास्थ्य और पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद वे हर दो-तीन दिन में करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें हर बार निराशा ही हाथ लगती है।

पत्नी के निधन के बाद मंगल सिंह पूरी तरह अकेले हो गए हैं। उनकी कोई संतान भी नहीं है और न ही सिर पर अपना घर। वे फिलहाल गांव के ही छोटे राम के मकान में रहकर जीवन-यापन कर रहे हैं। उम्र



और बीमारी के कारण अब मजदूरी करना भी संभव नहीं है। ऐसे में वृद्धावस्था पेंशन ही उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा थी, लेकिन वह भी 3 महीने से बंद है।

मंगल सिंह ने बताया कि बैंक की पासबुक में जनवरी के बाद मार्च माह की पेंशन दर्ज है, इसके बाद अब तक कोई राशि उनके खाते में नहीं आई। बार-बार बैंक जाने की ताकत भी नहीं बची है। पैर फैक्चर होने के कारण ज्यादा पैदल नहीं चल पाते हैं, लेकिन मजबूरी में बैंक तक जाना पड़ता है।

यह मामला सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़ा करता है। एक ओर योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पात्र बुजुर्ग पेंशन और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल मंगल सिंह की नहीं, बल्कि क्षेत्र के कई पेंशनधारियों को इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पीएम आवास सूची में उनका नाम दर्ज

ग्राम पंचायत अंबाडी की सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार ने बताया कि सभी पेंशनधारियों का सत्यापन कराया जा रहा है। मंगल सिंह का सत्यापन पूरा हो चुका है तथा उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में भी शामिल है। जैसे ही योजना की किस्त जारी होगी, उन्हें आवास का लाभ मिल जाएगा। पेंशन केंद्र सरकार द्वारा ही डाली जाती है।

श्रीनाथ वेयर हाउस में रख-रखाव में अनदेखी

लापरवाही: सैकड़ों क्विंटल गेहूं बारिश के पानी में भीगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

श्री नाथ वेयरहाउस में रखरखाव की भारी अनदेखी के चलते उपार्जन के तहत खरीदा गया सैकड़ों क्विंटल गेहूं बारिश के पानी में भीगकर खराब होने की कगार पर पहुँच गया है। टपकती छतों के नीचे रखे अनाज की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही उजागर हुई है।

केयर टेकर का गैर जिम्मेदाराना बयान

जब इस पूरे मामले पर श्री नाथ वेयरहाउस के केयरटेकर उत्कर्ष बिसानी से बात की गई, तो उनका गैर-जिम्मेदाराना रवैया सामने आया। उन्होंने बेफिक्री जताते हुए कहा कि जो गेहूं खराब होगा, वो हमारे ऊपर ही आएगा और हमें ही उसका भुगतान करना पड़ेगा। हम उसका भुगतान कर देंगे, इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। शासकीय अनाज और सार्वजनिक धन के इस तरह नुकसान होने पर केयरटेकर का यह बयान प्रशासन और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कार्रवाई की जाएगी

नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल मौके पर जांच करवाते हैं। अनाज की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।
- **हर्षल चौधरी,** एसडीएम गैरतगंज।



नगर पालिका ने रामलीला गेट से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने शनिवार को रामलीला गेट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। सीएमओ सुरेखा जाटव के नेतृत्व में अधिकारियों और अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए और क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया।

नगर पालिका के अनुसार श्री रामलीला गेट क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाएगा। यहां पक्के चबूतरे तैयार किए जाएंगे, जिन पर फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए दुकानें बनाई जाएंगी। इन दुकानों का आवंटन वर्तमान में सड़क किनारे व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यापारियों को किया जाएगा।

एसबीआई ने शिविर में बताए साइबर क्राइम से बचाव के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

बैंकिंग कार्यप्रणाली एवं खातेदारों के साथ ऑनलाइन हो रही धोखाधड़ी कर राशि हड़पने वाले साइबर अपराधियों से सावधान रहकर बचने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्यिक शाखा बेगमगंज द्वारा सिविल अस्पताल सभागार में शासकीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को वित्तीय साक्षरता शिविर के माध्यम से जानकारियां दी गई।



स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी कुमार पटेल ने साइबर, आनलाइन फ्रॉड, मनी मूल खातों, आनलाइन ऋण, बीमा, निवेश आदि से संभावित फ्रॉड से बचाव के उपाय के संबंध में विस्तार से बताते हुए साइबर अपराधियों से सतर्क रहने टिप्स देते हुए जागरूक किया।

उन्होंने सभी हितग्राहियों से अधिकृत संस्था के माध्यम से बीमा, निवेश, ऋण आदि सुविधा प्राप्त करने का सुझाव देते हुए सलाह दी कि कम पैसे में ओर त्वरित काम होने की लालच देने वाले ठगों के झांसे में ना आए। इसके साथ ही सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारियां दी गई।

क्षेत्र के लिटिल फ्लावर स्कूल समेत प्राइवेट स्कूलों की खुली मनमानी

स्कूली बच्चों के परिवहन में सुरक्षा मानकों को किया दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

तहसील क्षेत्र में संचालित प्राइवेट स्कूल प्रशासन की ढिलाई का फायदा उठाकर बेखौफ होकर बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। विशेष रूप से लिटिल फ्लावर स्कूल समेत कई निजी शिक्षण संस्थानों में स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए शासन द्वारा तय किए सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर दिया है। मोटी फीस और मनमाना परिवहन शुल्क वसूलने के बावजूद मासूम बच्चों को मौत के साये में सफर कर रहे हैं।

शासन और परिवहन विभाग की गाइड लाइन के अनुसार स्कूली वाहनों के लिए नियम तय किए हैं, लेकिन गैरतगंज में स्थिति इसके बिल्कुल उलट है।

रंग और पहचान गायबः नियमानुसार वाहन का रंग पीला होना और आगे-पीछे स्पष्ट शब्दों में 'स्कूल बस' लिखा होना अनिवार्य है, लेकिन निजी वाहनों से बच्चों को ढोया जा रहा है। वहीं बसों और वैन में न तो कैमरे चालू हैं,



न ही जीपीएस ट्रैकिंग और पैनिक बटन। हादसे के वक्त काम आने वाले फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशामक यंत्र भी गायब या शोपीस बने हैं।

ओवरस्पीडिंग और ग्रिल न होनाः 40 किमी/घंटा की निर्धारित सीमा के लिए स्पीड गवर्नर अनिवार्य होने के बावजूद वाहन तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। साथ ही बसों के अंदर बैग रखने की जगह न होने के कारण बच्चे अपनी गोद में बस्ते लादे बैठते हैं।

कोर्स-किताबों के नाम पर हो रही आर्थिक लूट के बाद अब बच्चों की जान को जोखिम में डाले जाने से अभिभावकों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि हमसे सुरक्षा के नाम पर भारी-भरकम शुल्क लिया जाता है, लेकिन बदले में सिर्फ लापरवाही मिलती है। शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है।

कब जागेगा जिम्मेदार महकमा

क्या गैरतगंज का प्रशासनिक अमला और परिवहन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? लिटिल फ्लावर स्कूल सहित ऐसे तमाम निजी स्कूलों पर तत्काल सख्त कार्रवाई, वाहनों की संघन चेकिंग और चालानी कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है। अगर समय रहते इन पर नकेल नहीं कसी गई, तो किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की होगी।

इनका कहना है

मैं अतिरिक्त प्रभार पर हूं मुझे सीहोर और मंत्रालय देखना पड़ता है। मुझे जब भी समय मिलेगा मैं गैरतगंज आकर कार्यवाही करूँगा।
- **रितेश तिवारी,** परिवहन अधिकारी रायसेन

